# सिख समाज को सेवा भावना के साथ आपसी प्रेम बनाए रखना चाहिए : राणा

**शाहाबादः खरींडवा गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर मेहमानों का स्वागत करते सज्जन सिंह।**

शाहाबाद मारकंडा, 5 जुलाई (विजय कुमार): हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजिंग कमेटी के सदस्य रविंद्र सिंह राणा ने कहा कि भारत में सिखों की आबादी भले ही मात्र दो प्रतिशत है, लेकिन देश के लिए उनकी कुर्बानियां लगभग 90 प्रतिशत रही हैं। उन्होंने कहा कि चाहे काला पानी की सजा हो या देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे पर झूलना, सिख समाज ने हमेशा राष्ट्रहित में सर्वोच्च बलिदान दिया है। रविंद्र सिंह राणा रविवार को शाहाबाद के बराड़ा रोड स्थित गांव सलीमपुर में समाजसेवी एवं प्रगतिशील किसान रणजीत रैना के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर श्री अकाल सहाय सेवा सोसायटी, खरींडवा के प्रधान सज्जन सिंह खालसा एवं समाजसेवी रणजीत रैना ने उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। राणा ने कहा कि यह देश सभी का है और हमारे गुरुओं ने हमें नाम जपो, कीरत करो और वंड छको का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सिख समाज को सेवा भावना के साथ आपसी प्रेम बनाए रखना चाहिए तथा देश के हालात को धैर्य और विवेक से समझना चाहिए। सभी धर्म प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं, न कि नफरत का। इस अवसर पर समाजसेवी रणजीत रैना ने कहा कि देश और समाज को वर्ष 1984 जैसी दुखद घटनाओं तथा 1992 जैसी सांप्रदायिक परिस्थितियों से सीख लेते हुए भविष्य में ऐसे हालात कभी पैदा नहीं होने देने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 400वां प्रकाश पर्व देश-विदेश में भव्य रूप से मनाया गया, जो पूरी सिख कौम के लिए गर्व का विषय है। श्री अकाल सहाय सेवा सोसायटी, खरींडवा के प्रधान सज्जन सिंह खालसा ने बताया कि 22 जुलाई को गांव खरींडवा स्थित गुरुद्वारा श्री खड़ग खंडा साहिब में श्री गुरु हरिकिशन साहिब जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशाल गुरमत समागम आयोजित किया जाएगा। समागम में प्रसिद्ध रागी एवं ढाडी जत्थे गुरबाणी कीर्तन और गुरु इतिहास का प्रचार करेंगे।

पौधों की हल्की छंटाई करते सदस्य।

# संगठन ने गोहाना ग्रीन सिटी अभियान के तहत 46 नए पौधे रोपे

गोहाना, 5 जुलाई (रामनिवास धीमान): समाज कल्याण संगठन ने अपने गोहाना ग्रीन सिटी अभियान साप्ताहिक के तहत एयविवार को महम रोड पर पौधारोपण किया। इस दौरान संगठन ने 46 नए पौधे रोपे जिनकी किस्म-अर्जन, नीम, बड, पीपल, जंगली जलेबी की रही। संगठन सदस्यों द्वारा अभियान के दौरान नये पौधारोपण के साथ पुराने पौधों की देखभाल में उनमें नलाई-गुडाई के साथ हल्की छंटाई की गई। संगठन ने आम नागरिकों से करते हुए कहा मानसून का सिजन शुरू हो चुका है अपने शहर को पूर्ण रूप से हरा-भरा बनाने के लिए जहां भी उपयुक्त जगह है वहां पौधारोपण जरूर करें। उन्होंने कहा अब लगाये गये पौधों के मरने के चांस शून्य के बराबर होते हैं। संस्था द्वारा इस कार्य में नागरिकों का सहयोग किया जायेगा। आज श्रमदान करने वाले सदस्य पवन कुमार, मनोज, रामनिवास, सागर, सुरेन्द्र, अनिल, बलजीत, सुनील, डॉ. विजेन्द्र और अभि मन्यु शर्मा रहे।

# राम प्रसाद डीएवी स्कूल में बोर्ड परिणामों की समीक्षा

**शाहाबाद : विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य एवं शिक्षक।**

शाहाबाद मारकंडा, 5 जुलाई (विजय कुमार): राम प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में विद्यालय प्रबंधक समिति एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधक समिति के अध्यक्ष ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) राजीव गुप्ता ने की। बैठक में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए आगामी सत्र में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने की रणनीति तैयार की गई। ब्रिगेडियर राजीव गुप्ता ने कहा कि किसी भी विद्यालय की पहचान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से होती है। उन्होंने उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए निरंतर बेहतर प्रदर्शन का आह्वान किया। बैठक में कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं, नियमित मूल्यांकन, आधुनिक शिक्षण तकनीकों के उपयोग, अभिभावकों से सतत संवाद तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक तैयारी पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों में स्पोकन इंग्लिश को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय परिसर में अधिक से अधिक अंग्रेज़ी में संवाद, भाषण, वाद-विवाद और प्रस्तुतीकरण जैसी गतिविधियों के नियमित आयोजन का निर्णय लिया गया। विद्यालय के प्रबंधक सतपाल बत्रा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंघल, कोषाध्यक्ष बलकार सिंह, महासचिव नंद किशोर बत्रा, समिति सदस्य बलदेव राज चावला एवं दिवस बत्रा ने शिक्षकों के कार्य की सराहना करते हुए विद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए आयामों तक पहुंचाने का विश्वास जताया। प्रधानाचार्य डॉ. दीपिंदर वालिया ने कहा कि विद्यालय की प्राथमिकता उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के साथ-साथ विद्यार्थियों को जिम्मेदार, संस्कारी और आत्मविश्वासी नागरिक बनाना है।

## हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-2 व 1 की लिखित परीक्षा सम्पन्न

अम्बाला शहर/छावनी, 5 जुलाई (तजिंदर शर्मा/रवि पाहुजा): हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-2 व 1 के तहत आज अम्बाला शहर व अम्बाला छावनी के 20 परीक्षा केन्द्रों पर लिखित परीक्षा आयोजित की गई। जोकि नकलरहित एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई। परीक्षा के दृष्टिगत जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सभी पुख्ता प्रबंध किए गए थे। हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के तहत आज लेवल-2 के तहत प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई, जिसके लिए 20 सैंटर बनाए गये है जिनमें 6141 परीक्षार्थी में से 4788 परीक्षा देने के लिए पहुंचे थे।

## 17वीं शताब्दी के सबसे बड़े व्यापारियों में से एक थे लक्खीशाह बंजारा

गोहाना, 5 जुलाई (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव नगर की बंजारा बस्ती में बस्तिवासियों द्वारा लक्खीशाह बंजारे की 346वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह गांव के पंचायत मैंबर विक्रम शबाना की अध्यक्षता में आयोजित किया जिसमें मुख्य अतिथि आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा लक्खीशाह बंजारा 17वीं शताब्दी के सबसे बड़े व्यापारी, ट्रांसपोर्टर, परोपकारी, दुनिया के सबसे अमीर और भारत के राष्ट्र भक्त योद्धा थे। उनके काफिले में लाखों बैल और हजारों माल वाहक बैलगाड़ियां थी जिसे वे पूरे एशिया व पूरे भारत में सामान पहुंचाने का काम करते थे। विश्व के सबसे बड़े किलो में गिने जाने वाले लोहगढ़ किले पंजाब के निर्माण और ऐतिहासिक लाल किले के निर्माण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने जन कल्याण के लिए पूरे देश में सैंकड़ों झीलें, बावड़िया और सरोवर बनवाए।

शाहाबाद : मेरा शाहाबाद, मेरी जिम्मेदारी जन-अभियान में जुटे सदस्य।

# मेरा शाहाबाद, मेरी जिम्मेदारी जन-अभियान शुरु

शाहाबाद मारकंडा, 5 जुलाई (विजय कुमार): शहर को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श बनाने के उद्देश्य से मेरा शाहाबाद, मेरी जिम्मेदारी जन-अभियान की शुरुआत की गई। इसके तहत एक व्हाट्सएप कम्युनिटी बनाई गई है, जिसके माध्यम से जागरूक नागरिकों को जोड़कर स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच को बढ़ावा दिया जाएगा। शिक्षाविद् राजेश बावेजा ने कहा कि यह केवल व्हाट्सएप ग्रुप नहीं, बल्कि शाहाबाद के उज्ज्वल भविष्य का साझा संकल्प है। वहीं समाजसेवी जोगिंद्र सिंह पुरी ने बताया कि अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता, जनजागरूकता, रचनात्मक सुझाव और शहर के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयोजकों ने शहरवासियों से इस मुहिम से जुड़कर केवल चर्चा नहीं, बल्कि समाज के लिए उदाहरण बनने का आह्वान किया। अभियान का मुख्य संदेश मेरा शाहाबाद, मेरी जिम्मेदारी और हम बदलेंगे, युग बदलेगा; हम सुधरेंगे, शहर सुधरेगा रखा गया है। इस अवसर पर सूर्यांश, सुखमीत खुराना, भगवंत सिंह, राजेश बावेजा, जितेंद्र, सुनील, मनदीप सिंह, जोगिंद्र सिंह और परमिंदर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

समालखा, 5 जुलाई (अशोक चुघ): जी.टी.रोड स्थित श्री रविदास मंदिर में पार्क हॉस्पिटल द्वारा किया गया। जिस का शुभारंभ ब्रिगेडियर डॉ. यश पाल सिंह व मास्टर जीवन द्वारा गया। शिविर में 150 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। पार्क हॉस्पिटल के 15 डॉक्टरों की टीम द्वारा कैंप में सहयोग किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान राजेंद्र कुमार, महासचिव रामकिशन बडगुज्जर, पूर्व प्रधान रामफल कारकोली, राज सिंह, शीला देवी, डॉ सुशील कुमार, पाले राम कटारिया, रणधीर सिंह व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## यूपीएसई पास युवाओं को किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र, 5 जुलाई (रामपाल शर्मा): जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में भारतीय सिविल सेवा परीक्षाओं में पास हुए युवाओं को सम्मान किया गया। इस दौरान अंबाला रेंज के आई पुलिस पंकज नैन बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। जबकि गृह मंत्रालय भारत सरकार की वरिष्ठ अधिकारी डॉ. चित्रलेखा शर्मा, हरियाणा इरिगेशन एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. सतबीर सिंह कादियान, जेल अधीक्षक रेशम सिंह, गौसेवक संत गोपाल दास, दिल्ली फ्लाइंग क्लब के निदेशक अनिल शर्मा, दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एवं राष्टपति अवार्डी धर्मपाल भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे।

# कलायत के महाराजा अग्रसेन पार्क में महिलाओं ने बुलाई महापंचायत



कलायत : महाराजा अग्रसेन पार्क में पंचायत करती महिलाएं। (छाया : निर्मल)

कलायत, 5 जुलाई (बीरभान निर्मल): कलायत में महिलाओं ने महापंचायत बुलाकर नगर पालिका के अधीन आने वाले प्राचीन कपिल मुनि सरोवर तट पर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क की सिक्योरिटी एवं रखरखाव के टेंडर की पोल खोलकर रख दी है। साथ ही जिला उपायुक्त अपराजिता से शहर के सभी सात पार्कों की जांच रिपोर्ट अवलिंब सार्वजनिक करते हुए टेंडर कार्य में धांधली करने वाले अधिकारियों एवं एजेंसी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। महिलाओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेन पार्क व शहर के सभी सात पार्कों में व्यवस्था पुरी तरह चौपट है। सुविधाओं के नाम पर समस्याओं का सामना पार्क में आने वाले बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं व बच्चों को करना पड़ता है। पार्कों में न पीने को पानी है, निकासी न होने के कारण जगह-जगह गंदा पानी जमा रहता है, शौचालयों पर ताले लटके हैं, बच्चों के झूले लकड़ी के तिनकों की तरफ टूट के बिखरे हैं, सफाई एवं सुरक्षा के नाम पर कोई सुविधा नहीं है। प्लांटेशन, ओपन जिम व मूलभूत सुविधाओं को जुटाने में अधिकारी विफल साबित हो रहे हैं। बावजूद इसके फर्जी बिलिंग का खेल जारी है। लतिका, रेखा, अनीता प्रियंका, सोनिया शर्मा, सरोज देवी व अन्य महिलाओं का कहना है कि पार्क में बैठने के लिए बैंच या कुर्सियां नहीं हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि पार्कों की सुरक्षा एवं रखरखाव के मामले में भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ जल्द कोई कार्यवाही नहीं हुई तो वे प्रदर्शन की राह अपनाएंगी। हैरानी का विषय है कि अव्यवस्था व गोलमाल आइने की तरफ साफ नजर आ रहा है। बावजूद इसके प्रशासनिक अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे। इससे जाहिर है कि सरकार द्वारा जन सुविधाओं के लिए जारी बजट का लाभ समुचित रूप से धरातल नहीं मिल रहा। परिणामस्वरूप सीएम नायब सैनी खुद इस मामले में ठोस कार्यवाही करें।

## रक्तदान शिविर लगाया

गोहाना, 5 जुलाई (रामनिवास धीमान): आहुति संस्था एवं भाग राम ट्रस्ट गोहना द्वारा रविवार को काट मंडी गोहाना में प्रथम देहदात्री की सातवीं बरसी पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता उषा गगनेजा द्वारा की गई। सानिध्य बिमला गगनेजा, महेंद्र पाल, सुनीता, राजेंद्र सुमन का रहा। इस अवसर पर रोहतक पीजीआई से पहुंची डॉक्टर टीम ने सभी रक्तदाताओं को रक्तदान करने में सहयोग किया और 56 यूनिट रक्त का संकलन किया। आज के रक्तदान शिविर में आशीष, वीरसिंह ने प्रथम बार रक्तदान किया।

## रोडवेज कर्मचारियों को भी दी जाए स्पेशल इन्क्रीमेंट : अशोक खोखर

गोहाना, 5 जुलाई (रामनिवास धीमान): ऑल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष व सांझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता अशोक खोखर ने रविवार को गोहाना बस स्टैंड पर जानकारी देते हुए हरियाणा में कर्लकों को तीन इन्क्रीमेंट देने का स्वागत किया और रोडवेज के चालक परिचालकों के वेतनमान संशोधित होने तक तीन इन्क्रीमेंट देने की मांग की। रोडवेज के परिचालक का वेतन क्लकों के समान 19,900 में था। अब कुछ समय पहले उनका वेतनमान 21,700 कर दिया गया था। अब हरियाणा सरकार ने उनके वेतन का साथ तीन इन्क्रीमेंट देने का फैसला किया जिसका प्रदेश यूनियन स्वागत करती है और साथ में रोडवेज के परिचालकों का वेतन पहले की तरह कर्लकों के समान किया जाना ही चाहिए। रोडवेज का कंडक्टर वेतनमान में आज सबसे पीछे है, कंडक्टर के भत्ते भी बहुत ही कम है। रोडवेज के चालक, परिचालक और वर्कशाप के कर्मचारियों व सबइंस्पेक्टर, यार्ड मास्टर, सब का वाशिंग अलाऊंस भी काट लिया गया है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**कुरुक्षेत्रः पौधारोपण करते चेयरपर्सन कंवलजीत कौर व अन्य।**

कुरूक्षेत्र, 5 जुलाई (रामपाल शर्मा): जिला परिषद कुरूक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई मुहिम एक पेड़ मां के नाम में सभी लोग भागीदार बने और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनके पेड़ बनने तक देखभाल भी करें। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में नमो वन व औषधि वन विकसित किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ पौधारोपण अभियान चलाकर अधिक से अधिक पौधे रोपित किए जा रहे हैं। चेयरपर्सन कंवलजीत कौर रविवार को जिला परिषद के प्रांगण में पौधारोपण करने उपरांत बोल रही थी। इससे पहले जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, लेखा अधिकारी सत्यभूषण व एनजीओ से रोशन लाल ने पंचायत भवन के प्रांगण में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि एनजीओ की तरफ से अलग अलग किस्मों के 65 पौधे इस पंचायत भवन के प्रांगण में लगाए गए है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं के आसपास हरियाली बढ़ाने के साथ साथ स्वच्छ और अधिक आरामदायक माहौल तैयार होता है, जिसका सार्वजनिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। पेड़ अत्यधिक गर्मी को कम करने में मदद करते हैं, छाया प्रदान करते हैं और समग्र पारिस्थितिक संतुलन में योगदान देते हैं, जिससे स्वास्थ्य परिसर मरीजों के लिए अधिक अनुकूल बनते है। उन्होंने कहा कि मानसून के आगमन के साथ ही पौधे जीवित रहने की उच्च दर के कारण वृक्षारोपण गतिविधियों के लिए स्थिति में आदर्श हो जाती हैं। इसलिए जिला परिषद विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे योजनाबद्ध तरीके से इस वृक्षारोपण अभियान को चलाने के लिए स्थानीय प्रशासन और बागवानी विभागों के साथ मिलकर काम करें। इस मौके पर लेखा अधिकारी सत्यभूषण, जिला परिषद का स्टाफ व एनजीओ के सदस्य रोशन लाल सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## चोरी की 7 मोटरसाइकिलों सहित तीन काबू

असन्ध, 5 जुलाई (हरीश मदान): थाना असन्ध क्राइम पुलिस नें चोरी की गयी 7 मोटर साईकिलों सहित तीन चोरों को काबू किया। थाना प्रभारी सी आई ए असन्ध नें बताया कि क्षेत्र में बढ़ती मोटर साईकिलों की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया के आदेशों पर क्षेत्र में मोटर साईकिल चोरों की धरपकड़ का अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने बताया कि हैड कांस्टेबल राजेन्द्र व अन्य पुलिस कर्मियों नें 7 मोटर साईकिल सहित तीन चोरों को पकड़ा है। तीनों असन्ध थाना के अंतर्गत रहने वाले हैं। इनमें से गांव राहड़ा का अजय व साहिल है। जबकि सालवन निवासी सौरभ फरार है। दोनों अजय व साहिल का रिमांड लेकर वारदात में शामिल उसके और साथियों की पूछताछ की जाएगी।


**GRIHUM HOUSING FINANCE** Apna Ghar, Apni Pehchan.

**गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : छठी मंज़िल, बी बिल्डिंग, गंगा टरूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्रा 411014

ब्रांच ऑफ यूनिट : एससीएफ 86, पहली मंज़िल, कमर्शियल अर्बन एस्टेट 2, दिल्ली रोड, हिसार, हरियाणा-125005

**सरफेसी एक्ट अधीन सिक्योर्ड अचल एसैट की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इनफोर्समैंट) रूल्ज़ 2002 के रूल 8 एवं 9 के साथ पढ़े जाते सिक्योरटाइजेशन एवं रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनैंशियल एसैट्स एवं इनफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इंट्रैस्ट एक्ट 2002 (दी एक्ट) अधीन अचल एसैट्स की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

आम जनता एवं विशेषकर कर्ज़दार/सहकर्ज़दार/गिरवीकार (गिरवीकारों)/गारंटर (गारंटरों) को इस द्वारा नोटिस दिया जाता है कि गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड (जिसका इसके पश्चात् एक्ट अनुसार 'सिक्योर्ड क्रैडिटर' के रूप में संदर्भ लिया जाएगा) के पास गिरवी रखी निम्न दर्शाई अचल सम्पत्तियां, जिसका कब्ज़ा एक्ट की धारा 13(2) अधीन नोटिस की पालना में सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इनफोर्समैंट) रूल के रूल्ज़ 8 एवं 9 से पढ़े जाते एक्ट की धारा 13(12) अधीन सौंपी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सिक्योर्ड क्रैडिटर के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है।

सिक्योर्ड एसैट की बिक्री 'जैसे है जहां है' 'जैसे है जो है' एवं 'वहां जो भी है' के आधार पर 06.08.2026 को ई-नीलामी द्वारा की जाएगी। आम जनता को इस द्वारा सूचित किया जाता है कि हम वैबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफार्म द्वारा पब्लिक नीलामी आयोजित कर रहे हैं।

**बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया जीएचएफएल की/सिक्योर्ड क्रैडिटर्ज़ की वैबसाइट www.grihumhousing.com पर उपलब्ध लिंक का संदर्भ लें।**

| प्रस्ताव नं. कस्टमर का नाम (ए) | डिमांड नोटिस की तिथि एवं बकाया राशि (बी) | कब्ज़े की किस्म (सी) | प्रॉपर्टी का विवरण (डी) | आरक्षित कीमत (ई) | ईएमडी (आरक्षित कीमत का 10%) (एफ) | ईएमडी पेश करने की तिथि (जी) | इंक्रीमेंटल बोली (एच) | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि एवं समय (आई) | नीलामी की तिथि एवं समय (जे) | जाने जाते अवैध कब्ज़े/कोर्ट केस यदि कोई हो (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण नं. HL0035H14100019 सतबीर सिंह (कर्ज़दार) शकुंतला (सह-कर्ज़दार) हरी सिंह कमला देवी हरी सिंह सतबीर सिंह | नोटिस तिथि : 13.10.2022 कुल बकाया : रु. 1310584.22/- (रुपये तेरह लाख दस हज़ार पांच सौ चौरासी एवं बाइस पैसे) दिनांक 13.10.2022 को अदायगी योग्य वसूली तक @ 16.55% प्रतिवर्ष ब्याज सहित | फिजिकल | खेवट नं. 648, पैमाइश 0 क-17म, वाका मौजा चूली बागड़ियां, तहसील आदमपुर, ज़िला हिसार, हिसार पिन 125 वाली गिरवी जायदाद के सभी अभिन्न भाग। | रु. 3500469.99/- (रुपये पैंतीस लाख चार सौ उनत्तर केवल) | रु. 350046.90/- (रुपये तीन लाख पचास हज़ार छियालिस एवं नब्बे पैसे केवल) | 05.08.2026 सायं 5:00 बजे से पहले | 10,000/- | 22.07.2026 (प्रातः 11 से सायं 4 बजे) | 06.08.2026 (प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे) | कर्ज़दार ने सिविल मुकद्दमा बियरिंग नं. सीएस/2038/2023 दायर किया है सीजेएसडी हिसार कोर्ट के समक्ष, लेकिन आज तक कोई प्रतिकूल आदेश पास नहीं हुआ है |

इच्छुक बोलीकारों/खरीदारों को बोलियां पेश करने से पहले इससे संबंधित पुरुष/महिला अपनी तसल्ली एवं अधिकतम चार्जिस, झंझटों एवं कोई भी थर्ड-पार्टी ब्याज का पता लगाएं एवं अपनी स्वयं की पूछताछ करने एवं नीलाम की जानी जायदाद एवं सिक्योर्ड क्रैडिटर शाखा में पधारने की सलाह है। सभी वैधानिक बकाया जैसे कि जायदाद टैक्सेज़, इलैक्ट्रीसिटी/पानी के बकाए एवं किसी अन्य बकाया यदि कोई है जायदाद से जुड़ी हुई राशि का पता लगाया जाना चाहिए एवं सफल बोलीकार द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीकारों को उचित समय में पोर्टल के पास स्वयं को रजिस्टर करना होगा एवं लागिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो नीलामी सर्विस प्रोवाइडर) सी-1 इंडिया प्राई.लिम. पताः प्लाट नं. 68 तीसरी मंज़िल गुड़गांव हरियाणा 122003, हैल्पलाइन नंबर 7291981124, 25, 26 स्पोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com सम्पर्क : व्यक्ति धरनी पी, ईमेल आई.डी. : dharani.p@c1india.com सम्पर्क नं. 9948182222 से ई-बोली हेतु अनिवार्य है। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकार केवल इनसे ई-नीलामी पर आनलाइन ट्रेनिंग का लाभ ले सकते हैं। इच्छुक खरीददारों/बोलीकार को दिनांक 05.08.2026 को या पहले किसी नैशनलाइज़ड अथवा सूचीबद्ध बैंक पर अदा 'गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिम. निलामी प्रोसीडस ए/सी' बैंक आईसीआईसीआई बैंक लिम. खाता सं. 091551000028 एवं आईएफएससी कोड-ICIC0000915 आईसीआईसीआई बैंक लिम. पंचशील टैक पार्क, नज़दीक गनपति चौक 43/44 विमन नगर 411014 के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के ढंग द्वारा धरोहर राशि जमा (ईएमडी) की राशि पेश करनी होगी एवं अपना नाम https://www.bankeauctions.com पर रजिस्टर करें एवं मुफ्त यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करें एवं सर्विस प्रोवाइडर से ई-नीलामी पर सिखलाई प्राप्त करें। वैबसाइट पर अपनी रजिस्ट्रेशन के बाद इच्छुक खरीददार/बोलीकार को ईमेल, अपलोड किए निम्नलिखित दस्तावेज़ों की कापियों को प्राप्त करना होगा एवं **पता एससीएफ 86, पहली मंज़िल, कमर्शियल अर्बन एस्टेट 2, दिल्ली रोड, हिसार, हरियाणा-125005 मोबाइल नं. +91 8281138143 ईमेल आईडी : p.adith@grihumhousing.com को स्वै तस्दीकशुदा हार्ड कॉपी भेजनी होगी।**

**नियम व शर्तों पर अन्य विवरणों हेतु कृपया ई-नीलामी में भाग लेने हेतु https://www.bankeauctions.com व www.grihumhousing.com पर पधारें।**

**इस नोटिस को सिक्योरिटी इंटरैस्ट (इनफोर्समैंट) रूल-2002 के रूल 8 (6) अधीन कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/गिरवीकार (गिरवीकारों)/गारंटर (गारंटरों) को 30 (तीस) दिनों के नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।**

स्थान : हिसार, हरियाणा दिनांक : 06.07.2026 **अधिकृत अधिकारी, गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड**


# नवीन जिंदल ने कराटे खिलाड़ी अलीशा चौधरी से की भेंट

कुरूक्षेत्र/पुंडरी, 5 जुलाई (रामपाल शर्मा/अमित कुमार): कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ी अलीशा चौधरी से मुलाकात कर उन्हें 22वीं एशियन सीनियर कराटे चैंपियनशिप (बाली, इंडोनेशिया) में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। अलीशा चौधरी ने महिला कुमिते (55 किलोग्राम) वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। वह एशियन सीनियर कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली कराटे खिलाड़ी बन गई हैं। उनकी इस उपलब्धि से हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ा है। हालांकि, खेल मंत्रालय द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के बावजूद वर्ष 2026 के एशियन गेम्स में अलीशा की भागीदारी अनिश्चित बनी हुई है। इसका कारण भारत में कराटे के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ का अभाव है। इस विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए सांसद नवीन जिंदल ने केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी. टी. उषा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण तथा भारतीय ओलंपिक संघ से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर उचित समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया।


## वर्गीकृत विज्ञापन

### आवश्यकता

**भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग** प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रु. 500-रु. 1000 तक की गारंटिड कमाई करें। बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें - 89294-49955.__(W/32)

### पाठकों हेतु आवश्यक सूचना

अजीत ग्रुप आफ पब्लिकेशंज़ इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों की ज़िम्मेदारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**बेदखली सूचना**

मैं बलविन्द्र सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी मकान नम्बर 723/19 टोहाना, तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र रमनदीप सिंह, पुत्रवधू शैली शर्मा व उनकी लड़की मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाले स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथकर्ता

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि सत्यवंती देवी पत्नी तारा चन्द निवासी गांव फुलियां खुर्द, तहसील नरवाना जिला जीन्द ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड की शाखा कार्यालय टोहाना, हरियाणा से आरएलओएस संख्या 1177206 के तहत अपनी संपत्ति पर 11,00,000/- (ग्यारह लाख रुपये) का सुरक्षित ऋण लिया है। जिसका Plot/Property UID/LGD No- 599880216 है व पैमाईश 99.689 वर्ग मीटर है। प्रमाण पत्र/शीर्षक स्वामित्व विलेख संख्या 6469 दिनांक 23-12-2020 के अनुसार, गांव फुलियां खुर्द, तहसील नरवाना जिला जीन्द के लाल डोरा में स्थित हैं जोकि सब रजिस्ट्रार नरवाना, जिला जीन्द हरियाणा, द्वारा रजिस्टर्ड है जिसकी दिशाएँ हैं: पूर्वः 29'4" - राजेश पुत्र रोशन का घर, पश्चिमः 29'4" - गली, उत्तर 34' गली, दक्षिण 34' जगदीश पुत्र दिवान सिंह का घर है, उपरोक्त संपत्ति का एकमात्र मालिक है और इस संपत्ति में कोई सह-हिस्सेदार नहीं है और मूल स्वामित्व प्राधिकरण द्वारा जारी नहीं किया गया है। यदि किसी के पास रजिस्टर बिक्री प्रमाण पत्र के अनुसार उपरोक्त संपत्ति में किसी भी तरह से कोई अधिकार/शीर्षक/मुकदमा/दावा या पूर्व अधिकार या हित का दावा है, तो वे नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क कर सकते हैं और इस सार्वजनिक नोटिस की तारीख से 07 (सात) दिनों के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवधि की समाप्ति के बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और ऐसा दावा झूठा, फर्जी, तुच्छ, धोखाधड़ीपूर्ण और आधारहीन माना जाएगा और कानून की नज़र में इसका कोई मूल्य नहीं होगा।

एडवोकेट का नाम: रोशन लाल माथुर, चैंबर नं. 73, द्वितीय तल, जिला कोर्ट टोहाना मो. 98172-78508

**आई डी एफ सी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(भूतपूर्व कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड एवं आई डी एफ सी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत एवं मौजूदा समय आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जानी जाती)

सीआईएन : L65110TN2014PLC097792, रजिस्टर्ड कार्यालय : के आर एम टावर्ज़, आठवीं मंज़िल, हैरिंगटन रोड, चेतपेत, चेन्नई-600031, टैली : +91 44 4564 4000 फैक्स : +91 44 4564 4022

**सार्वजनिक सूचना**

**सोने की नीलामी कम आमंत्रण सूचना**

निम्न दर्शाए कर्ज़दारों एवं आम जनता को इस द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उक्त कर्ज़दारों ने सोने के जेवर गिरवी रखकर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से ऋण सुविधाएं प्राप्त की थीं एवं बार-बार स्मरण पत्र एवं नोटिस भेजने के बावजूद भी कर्ज़दार सुविधा अधीन निर्धारित अवधि के भीतर बकाया राशि अदा करने में असफल रहे हैं। परिणामस्वरूप बैंक अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपनी शेष राशियों की वसूली हेतु दिनांक **11 अगस्त, 2026 से 13 अगस्त, 2026** तक गिरवी रखे सोने के जेवरों की सार्वजनिक नीलामी करेगी। कर्ज़दारों को इस द्वारा सूचित किया जाता है कि यह निरीक्षण/बोली तिथि से पूर्व लागूयोग्य संबंधित ब्याज, चार्जिज एवं खर्चों सहित मुकम्मल बकाया राशि अदा करने का अंतिम अवसर है। अन्यथा गिरवी रखे सोने के जेवर रैगुलेटर्ज़ द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों अनुसार नीलामी द्वारा बिक्री किए जाएंगे।

| ऋण खाता नं. | कर्ज़दार का नाम | शाखा नाम |
|---|---|---|
| 179215231 | प्रभात ठाकुर | पंचकूला शाखा |
| 167762684 | संजय कुमार | हांसी रूरल |
| 170182195 | सुदेश अशोक | टोहाना रूरल |

नीलामी होने के मामले में इस नीलामी से अतिरिक्त राशि वसूली जाती है तो यह संबंधित कर्ज़दार को वापिस कर दी जाएगी एवं यदि नीलामी के पश्चात् कोई घाटा/कमी होती है तो शेष राशि उचित कानूनी प्रक्रियाओं द्वारा कर्ज़दार से वसूली जाएगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास बिना किसी पूर्व जानकारी के नीलामी से किसी भी खाते को हटाने का अधिकार सुरक्षित है। इसके अतिरिक्त आईडीएफसी बैंक के पास बिना कोई पूर्व नोटिस दिए अपनी मर्जी पर बाद की तिथि पर नीलामी शैड्यूल निर्धारित करने अथवा संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। नीलामी इसके सूचीबद्ध नीलामी सेवा प्रदाताओं मैसर्ज़ श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से आयोजित की जाएगी। यदि ग्राहक की मृत्यु हो जाती है तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उसके नामिनी/कानूनी वारिस पर लागू होंगी।

**नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :**

1) संबंधित सोने के जेवरों की बिक्री 'जैसे है यहां है' 'जैसे है जो है' एवं 'यहां पर जो भी है' के आधार पर आयोजित की जाएगी।
2) इच्छुक बोलीकार बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता के पास पंजीकृत होंगे एवं केवाईसी आवश्यकताओं का पालन करेंगे।
3) यह बोलीकारों की ज़िम्मेदारी होगी कि वह बोली प्रस्तुत करने से पूर्व जेवरों एवं स्पैसीफिकेशन संबंधी जांच एवं स्वयं को संतुष्ट कर लें। बोलीकार शाखा प्रबंधक के परामर्श से जेवरों का निरीक्षण कर सकते हैं।
4) उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि के तहत होगी।
5) सफल बोलीकार निर्धारित समय के भीतर पूरी बिक्री राशि जमा करवाएगा अन्यथा पहले से जमा करवाई राशि जब्त कर ली जाएगी।
6) एक बार बिक्री किए गए गोल्ड पाऊचों को किसी भी स्थितियों में विक्रेता को वापिस नहीं किया जा सकता एवं एक बार विजेता बोलीकार/खरीददार द्वारा इसको व्यक्तिगत रूप से ले लिया जाता है तो विक्रेता की किसी भी किस्म जो भी हो, की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी।
7) बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि के पास बिना इसका कोई कारण जो भी हो बताए अथवा बिना पूर्व नोटिस दिए किसी भी बोली को स्वीकार/रद्द करने अथवा नीलामी को कैंसल/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।
8) नीलामी बैंक द्वारा पुष्टि करने के अधीन होगी।

दिनांक : 06.07.2026
स्थान : हरियाणा

हस्ता/- अधिकृत अधिकारी हेतु आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

**आई डी एफ सी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(भूतपूर्व कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड एवं आई डी एफ सी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत एवं मौजूदा समय आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जानी जाती)

सीआईएन : L65110TN2014PLC097792, रजिस्टर्ड कार्यालय : के आर एम टावर्ज़, आठवीं मंज़िल, हैरिंगटन रोड, चेतपेत, चेन्नई-600031, टैली : +91 44 4564 4000 फैक्स : +91 44 4564 4022

**सार्वजनिक सूचना**

**सोने की नीलामी कम आमंत्रण सूचना**

निम्न दर्शाए कर्ज़दारों एवं आम जनता को इस द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उक्त कर्ज़दारों ने सोने के जेवर गिरवी रखकर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से ऋण सुविधाएं प्राप्त की थीं एवं बार-बार स्मरण पत्र एवं नोटिस भेजने के बावजूद भी कर्ज़दार सुविधा अधीन निर्धारित अवधि के भीतर बकाया राशि अदा करने में असफल रहे हैं। परिणामस्वरूप बैंक अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपनी शेष राशियों की वसूली हेतु दिनांक **11 अगस्त, 2026 से 13 अगस्त, 2026** तक गिरवी रखे सोने के जेवरों की सार्वजनिक नीलामी करेगी। कर्ज़दारों को इस द्वारा सूचित किया जाता है कि यह निरीक्षण/बोली तिथि से पूर्व लागूयोग्य संबंधित ब्याज, चार्जिज एवं खर्चों सहित मुकम्मल बकाया राशि अदा करने का अंतिम अवसर है। अन्यथा गिरवी रखे सोने के जेवर रैगुलेटर्ज़ द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों अनुसार नीलामी द्वारा बिक्री किए जाएंगे।

| ऋण खाता नं. | कर्ज़दार का नाम | शाखा नाम |
|---|---|---|
| 170375409 | रोमिका अमित | समालखा रूरल |
| 176612230 | सोनू रामेहर | हांसी रूरल |
| 176931575 | सुशीला देवी | हांसी रूरल |

नीलामी होने के मामले में इस नीलामी से अतिरिक्त राशि वसूली जाती है तो यह संबंधित कर्ज़दार को वापिस कर दी जाएगी एवं यदि नीलामी के पश्चात् कोई घाटा/कमी होती है तो शेष राशि उचित कानूनी प्रक्रियाओं द्वारा कर्ज़दार से वसूली जाएगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास बिना किसी पूर्व जानकारी के नीलामी से किसी भी खाते को हटाने का अधिकार सुरक्षित है। इसके अतिरिक्त आईडीएफसी बैंक के पास बिना कोई पूर्व नोटिस दिए अपनी मर्जी पर बाद की तिथि पर नीलामी शैड्यूल निर्धारित करने अथवा संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। नीलामी इसके सूचीबद्ध नीलामी सेवा प्रदाताओं मैसर्ज़ श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से आयोजित की जाएगी। यदि ग्राहक की मृत्यु हो जाती है तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उसके नामिनी/कानूनी वारिस पर लागू होंगी।

**नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :**

1) संबंधित सोने के जेवरों की बिक्री 'जैसे है यहां है' 'जैसे है जो है' एवं 'यहां पर जो भी है' के आधार पर आयोजित की जाएगी।
2) इच्छुक बोलीकार बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता के पास पंजीकृत होंगे एवं केवाईसी आवश्यकताओं का पालन करेंगे।
3) यह बोलीकारों की ज़िम्मेदारी होगी कि वह बोली प्रस्तुत करने से पूर्व जेवरों एवं स्पैसीफिकेशन संबंधी जांच एवं स्वयं को संतुष्ट कर लें। बोलीकार शाखा प्रबंधक के परामर्श से जेवरों का निरीक्षण कर सकते हैं।
4) उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि के तहत होगी।
5) सफल बोलीकार निर्धारित समय के भीतर पूरी बिक्री राशि जमा करवाएगा अन्यथा पहले से जमा करवाई राशि जब्त कर ली जाएगी।
6) एक बार बिक्री किए गए गोल्ड पाऊचों को किसी भी स्थितियों में विक्रेता को वापिस नहीं किया जा सकता एवं एक बार विजेता बोलीकार/खरीददार द्वारा इसको व्यक्तिगत रूप से ले लिया जाता है तो विक्रेता की किसी भी किस्म जो भी हो, की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी।
7) बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि के पास बिना इसका कोई कारण जो भी हो बताए अथवा बिना पूर्व नोटिस दिए किसी भी बोली को स्वीकार/रद्द करने अथवा नीलामी को कैंसल/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।
8) नीलामी बैंक द्वारा पुष्टि करने के अधीन होगी।

दिनांक : 06.07.2026
स्थान : हरियाणा

हस्ता/- अधिकृत अधिकारी हेतु आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड